Diary No. 14/18/106

To Solve the Problem of Water Logging

9 Ch. AFTAB AHMED (Nuh):

Will the Chief Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that the thousands acre land of villages i:e Satputiaka, Husainpur, Raipuri and Babupur etc of district Nuh have been declared sem-affected by Irrigation Department;

b) if so, the time by which the works to solve the problem of abovesaid sem-affected villages are likely to be started togetherwith the details thereof; and

c) whether it is also a fact that the works have not been started even after the approval of project for the abovesaid work togetherwith the reasons thereof?

Sh. Manohar Lal, Chief Minister, Haryana.

a) Yes Sir, approximately 850 acres area of villages Satputiaka, Husainpur, Raipuri and Babupur etc. of Tehsil Nuh, Distt. Mewat are facing problem of water logging due to seepage of water along Chandeni Drain.

b) To solve the problem of water logging, Project Estimate for installation of 42 Nos. shallow tubewells in villages Satputiyaka, Hussainpur, Raipur, Babupur along Chandeni drain has been approved by Standing Technical Committee of Irrigation & Water Resources Department in its 9th meeting held on 13.07.2022. Administrative Approval for this scheme is likely to be granted in next Financial Year 2023-24. Further action to start the work will be taken accordingly.

c) No Sir. Administrative approval for the work is under consideration with the Government.

सेम की समस्या का समाधान करना

9 चौ. आफताब अहमद (नूंह):

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

क) क्या यह तथ्य है कि सिंचाई विभाग द्वारा जिला नूहं के गांवों अर्थात्‌ सतपुतियका, हुसैनपुर, रायपुरी तथा बाबूपुर इत्यादि की हजारों एकड़ भूमि सेम प्रभावित घोषित की गई है;

ख) यदि हां, तो उपरोक्त सेम प्रभावित गांवों की समस्या के समाधान के लिए कार्यों को कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त कार्यों के लिए परियोजना की स्वीकृति के बाद भी कार्य को आरम्भ नहीं किया गया है तथा इसके कारण क्या हैं ?

श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

(क) हां, श्रीमान जी, जिला मेवात के तहसील नूंह के सतपुतियाका, हुसैनपुर, रायपुरी तथा बाबूपुर आदि गांवों का लगभग 850 एकड़ क्षेत्र चंदेनी ड्रेन के किनारे पानी के रिसाव के कारण जलभराव की समस्या का सामना कर रहा है।

(ख) इस समस्या को हल करने के लिए, चंदेनी ड्रेन के किनारे सतपुतियाका, हुसैनपुर, रायपुर, बाबूपुर गांवों के लिए 42 उथले ट्यूबवेलों की स्थापना के लिए परियोजना अनुमान को सिंचाई और जल संसाधन विभाग की स्थायी तकनीकी समिति ने 13.07.2022 को हुई 9वीं बैठक में मंजूरी दे दी है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अगले वित्तीय वर्ष 2023–24 में मिलने की संभावना है। उसी के अनुसार कार्य शुरू करने की आगे की कार्यवाही की जाएगी।

ग) नहीं, श्रीमान जी, इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के पास में विचाराधीन है।